प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार दूध उत्पादकों को डीबीटी के माध्यम से भुगतान करेगी। शिमला में पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि दूध की गुणवता भी डिजिटल माध्यम से जांची जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आरंभ में 10 दुग्ध उत्पादक समितियों में पायलट आधार पर डिजिटल माध्यम से दूध खरीद शुरू होगी। जिसके मानक जल्द तय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादकों से खरीदे जाने वाले दूध का संग्रहण डाटा, मात्रा, गुणवता और कीमत का विवरण एसएमएस के माध्यम से भी उपलब्ध करवाया जाएगा। इस बीच मुख्यमंत्री आज शिमला के समीप मशोबरा में हिप्पा के 51वें स्थापना दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

..........................................................

उपमुख्यमंत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश का सर्वांगीण विकास ही राज्य सरकार का लक्ष्य है। उना से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश को ड्रग, अवैध खनन, पेड़ कटान व अपराधियों से मुक्त करने के लिए समाज का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नेताओं से भी दोषारोपण के बजाय सकारात्मक राजनीति करने की अपील की है।

..........................................................

नव वर्ष

प्रदेशभर में नए साल 2025 का स्वागत पूरे जोश के साथ किया गया। नए साल का जश्न मनाने के लिए लगभग तीन लाख से ज्यादा सैलानी मनाली, शिमला, धर्मशाला सहित अन्य पर्यटक स्थलों पर पहुंचे हैं। पर्यटकों की भारी तादाद को देखते हुए प्रदेश में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। राजधानी शिमला के मॉल रोड व रिज मैदानी पर आधी रात को आतिशबाजी के साथ लोगों ने जश्न मनाया, हालांकि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर चल रहे राष्ट्रीय शोक के मददेनजर सार्वजनिक तौर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन नहीं किया गया।

..........................................................

हादसा

शिमला जिला के ठियोग थाना क्षेत्र के तहत मतियाणा में एक कार के गहरी खाई में गिरने से तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। हादसा शिमला–रामपुर नेशनल हाईवे पर बीती देर रात हुआ। पुलिस के

मुताबिक तीनों कार सवार व्यक्तियों ने घटनास्थल पर दम तोड़ दिया था। इनकी शिनाख्त की जा रही है। ठियोग पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

.........................................................

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के लगभग सभी भागों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। पिछले तीन दिनों से प्रदेश में मौसम के साफ रहने से लोगों को कड़ाके की ठंड से निजात मिल रही है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि प्रदेश में 4 जनवरी से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिसके चलते 6 जनवरी तक ऊपरी क्षेत्रों में हिमपात और अन्य भागों में वर्षा की संभावना है।

.........................................................

उपसमिति

मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विभागों को हस्तांतरित भूमि की समीक्षा की गई। राजस्व मंत्री ने अधिकारियों को सभी विभागों व जिलों से हस्तांतरित की गई भूमि में से प्रयोग न की गई भूमि का ब्यौरा मांगने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सभी जिलों व विभागों से रिपोर्ट मांगी जाएगी।

.........................................................

अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है–नए साल से पांचवीं व आठवीं कक्षा में भी फेल होंगे विद्यार्थी–शिक्षा मंत्री रोहित ने विभागीय समीक्षा बैठक में अफसरों को दिए निर्देश। पंजाब केसरी ने प्रदेश हाईकोर्ट के हवाले से लिखा है–स्थानांतरण नीति के प्रावधानों में मनमाने तरीके से छूट देना गैर–कानूनी। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–आज एक साथ आएगी सैलरी–पैंशन–आगामी महीनों में प्राप्तियों के आधार पर बनेगा भुगतान का शेडयूल। दैनिक जागरण के शब्द हैं–आज से सस्ते मिलेंगे सीमेंट, कृषि व बागबानी उपकरण–प्रदेश के आम लोगों सहित किसानों और बागवानों को मिलेगी राहत।

.........................................................